# Code No. 1401

**CLASS : 9th (Ninth)** **Series : 9-April/2021**

*रोल नं०* ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **2$\frac{1}{2}$** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **10** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(i) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम बताइए : 1 + 1 = 2

(क) रघुपति राघव राजा राम

(ख) हरिपद कोमल कमल से



www.mseducationtv.com

(ii) तत्सम् शब्द के ***दो*** उदाहरण दीजिए। 2

(iii) निम्न शब्दों में उपसर्ग व प्रत्यय अलग-अलग कीजिए : 1 + 1 = 2

अशिक्षा, कड़वाहट।

(iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य-निर्माण कीजिए : 1 + 1 = 2

आँखें चार होना, दर-दर की ठोकरें खाना।

(v) (क) स्वर रहित र यानि र् का प्रयोग करते हुए एक शब्द लिखिए। 1

(ख) संयुक्त व्यंजन श्र में वर्ण विच्छेद कीजिए। 1

(vi) निम्न शब्दों का समास विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1 + 1 = 2

आजीवन, चौराहा।

(vii) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 + 1 = 2

साकार, उत्थान।

(viii) निम्न शब्दों के ***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1 = 2

ईश्वर, राजा।

**2.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 12 = 12

(i) कबीर के अनुसार हंस कहाँ केलि करते हैं ?

(क) सागर में

(ख) नदी में

(ग) मानसरोवर में

(घ) झरने में



www.mseducationtv.com

(ii) कवि ने ज्ञानी किसे कहा है ?

(क) जो ज्ञान रखता है

(ख) जो शास्त्र पढ़ता है

(ग) जो स्वयं को जानता है

(घ) जो दूसरों को जानता हो

(iii) गोपियाँ श्रीकृष्ण की कौन-सी वस्तु धारण करना ***नहीं*** चाहतीं ?

(क) मुकुट

(ख) वस्त्र

(ग) मुरली

(घ) लाठी

(iv) कवि माखनलाल चतुर्वेदी ने कौन-सा गहना पहना हुआ था ?

(क) कंगन

(ख) घड़ी

(ग) हथकड़ी

(घ) पायल

(v) कैसी सड़क से बच्चे काम पर जा रहे हैं ?

(क) कच्ची सड़क

(ख) पक्की सड़क

(ग) चमकदार सड़क

(घ) कोहरे से ढकी सड़क



www.mseducationtv.com

(vi) *'मोको कहाँ ढूँढे बंदे'* पद में किसको ढूँढ़ने की बात कही गई है ?

(क) बापू को

(ख) माता को

(ग) बहन को

(घ) ईश्वर को

(vii) कवि रसखान किस पर्वत का पत्थर बनना चाहते हैं ?

(क) गोवर्धन

(ख) मैनाक

(ग) हिमालय

(घ) अरावली

(viii) *'रस्सी कच्चे धागे की'* कहने के पीछे कवयित्री का आशय क्या है ?

(क) साँसें

(ख) कच्चा धागा

(ग) कमजोर साथी

(घ) कपास

(ix) *"या लकुटी अरु कामरिया पर"* सवैये में कवि ने किस प्रदेश की प्रशंसा की है ?

(क) मगध

(ख) ब्रज

(ग) मालवा

(घ) अवध



www.mseducationtv.com

(x) गोपियों से श्रीकृष्ण की कौन-सी चीज सँभाली ***नहीं*** जाती ?

(क) बाँसुरी

(ख) पीताम्बर

(ग) मुस्कान

(घ) माला

(xi) कवि माखनलाल चतुर्वेदी कहाँ बंद हैं ?

(क) जेल में

(ख) घर में

(ग) मंदिर में

(घ) कमरे में

(xii) गोपियाँ सिर पर क्या धारण करना चाहती हैं ?

(क) माला

(ख) मुरली

(ग) वस्त्र

(घ) मोरपंख

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 3 = 9$

(क) *'मानसरोवर सुभर जल, हंसा केलि कराहिं'* – इस पंक्ति में मानसरोवर, जल व हंस का गूढ़ अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ख) बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

(ग) गोपियाँ श्रीकृष्ण की मुरली से क्यों जलती थीं ?



www.mseducationtv.com

**4.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 12 = 12$

(i) काँजीहौस से कौन ***नहीं*** भागा था ?

(क) बकरियाँ (ख) गधे

(ग) भैंसे (घ) घोड़े

(ii) कुची-कुची का क्या अर्थ है ?

(क) धीरे-धीरे (ख) कुछ-कुछ

(ग) दया-दया (घ) परे-परे

(iii) सालिम अली ने बचपन में गौरैया को किससे घायल किया था ?

(क) एयरगन से (ख) तलवार से

(ग) गुलेल से (घ) पत्थर से

(iv) 'पन्हैंया' से क्या अभिप्राय है ?

(क) वस्त्र (ख) पहनने योग्य

(ग) जूतियाँ (घ) आभूषण

(v) हीरा और मोती किसके घर से भागे थे ?

(क) गया (ख) झूरी

(ग) प्रेमचन्द (घ) बाला

(vi) तिब्बत में जागीरों का बड़ा भाग किनके हाथ में है ?

(क) राजाओं के (ख) मठों के

(ग) भिक्षुओं के (घ) किसानों के

(vii) सालिम अली कौन थे ?

(क) मनोवैज्ञानिक (ख) राजनीतिज्ञ

(ग) पशुचिकित्सक (घ) पक्षी विज्ञानी



www.mseducationtv.com

(viii) मिट्टी पर पड़ने वाली पहली बूँद का असर जानने वाले नेता कौन थे ?

(क) महात्मा गाँधी

(ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) चौ० चरण सिंह

(घ) लाल बहादुर शास्त्री

(ix) झूरी के दोनों बैल किस जाति के थे ?

(क) पछाई

(ख) राजस्थानी

(ग) जंगली

(घ) मुर्रा

(x) घोड़ा कैसे चलने लगा ?

(क) धीरे-धीरे

(ख) जल्दी-जल्दी

(ग) लड़खड़ाकर

(घ) भागकर

(xi) हीरा और मोती एक-दूसरे से विचार-विनिमय कैसे करते थे ?

(क) संकेतों से

(ख) आवाज निकालकर

(ग) मूक भाषा में

(घ) स्पर्श करके

(xii) किन स्थानों पर मरने वालों की कोई परवाह नहीं करता ?

(क) नदियों के किनारे

(ख) निर्जन स्थानों में

(ग) गाँव में

(घ) सभी जगह

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 2 = 6$

(क) तिब्बत यात्रा के दौरान लेखक को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

(ख) "सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाए अथाह सागर बनकर उभरे थे।" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**6.** निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर स्वरचित वाक्य बनाइए : $1 \times 2 = 2$

आँखों का तारा, कान भरना।



www.mseducationtv.com

**7.** *'कृतिका भाग-1'* के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लिखिए कि कैसे लोगों को अधिक श्रद्धाभाव से देखा जाता है ?

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ग) माटी वाली का, रोटियों का इस तरह हिसाब लगाना उसकी किस मजबूरी को प्रकट करता है ?

(घ) लेखिका की नानी की आजादी के आन्दोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही ?

(ङ) 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है' इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

**8.** हरिशंकर परसाई ***अथवा*** राहुल सांकृत्यायन के जीवन और साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**9.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग **250** शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : 5

(i) विद्यार्थी और अनुशासन

(ii) मेरा प्रिय नेता

(iii) समय का सदुपयोग

(iv) प्रदूषण एक समस्या

**10.** अपने मित्र को वार्षिक परीक्षा में जिले भर में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपनी आर्थिक कठिनाइयों का वर्णन करते हुए मुख्याध्यापक को फीस माफी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।



www.mseducationtv.com